इंसान को आत्मस्वरूप का स्मरण कराते हैं गुरु : साध्वी ऋतुम्भरा

नवभारत न्यूज

सनावद। समीपवर्ती ग्राम कोठी में स्थित परमशक्ति पीठ ओंकारेश्वर में मंगलवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष पद्मभूषण विभूषिता वात्सल्यमूर्ति साध्वी ऋतम्भरा जी ने उपस्थित भक्तवृंद को शुभाशीर्वाद प्रदान किए। प्रारंभ में संविद गुरुकुलम आवासीय कन्या विद्यालय की छात्राओं द्वारा गणेश वन्दना का सस्वर गायन किया गया। साध्वीजी द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ महोत्सव का श्रीगणेश हुआ। स्कूल की छात्राओं ने नयनाभिराम सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी।

गुरुदीक्षा कार्यक्रम में साध्वीजी ने अनेक बंधु, भगिनियों को दीक्षित किया। साध्वीजी ने कहा कि गुरु अपने शिष्य को उसके असली आत्म स्वरूप का स्मरण कराते हैं और उसे आत्मज्ञान पाने का रास्ता दिखाते हैं। गुरु बताते हैं कि बाहरी उपलब्धियों से परे भी जीवन की गहराई है। गुरु महिमा किसी व्यक्ति पूजा में नहीं बल्कि उस भूमिका में है जो अज्ञान से ज्ञान, बाध्यता से स्वतंत्रता और पीड़ा से आनंद की ओर ले जाती है। अनेक परंपराओं में कहा गया है कि मनुष्य जन्म दुर्लभ है और उसमें सच्चे गुरु का मिलना और भी दुर्लभ है। गुरु शिष्य की गलत धारणाओं, भय, इच्छाओं और अहंकार का नाश करता है। इससे व्यक्ति धीरे-धीरे बाहरी घटनाओं पर निर्भर रहना छोड़कर अपनी आंतरिक स्थिति को संभालना सीखता है।

असफलता से नहीं, बल्कि अनुभव करने की क्षमता से सुनिश्चित होती है। मृत्यु की निश्चितता, कर्म और चेतना की समझ आने से छोटी-छोटी बातों पर प्रतिक्रिया कम हो जाती है। जीवन अधिक सचेत, तीव्र और सार्थक लगने लगता है। सच्चे गुरु की पहचान उनके अपने अनुभव, करुणा, निष्काम भाव और शिष्य के वास्तविक कल्याण की इच्छा से होती है। सच्चे गुरु का मिलना मनुष्य जीवन की सबसे बड़ी सौभाग्यपूर्ण घटनाओं में से एक है। क्योंकि वह सिर्फ जानकारी नहीं देता,अपितु वह जीवन की दिशा और गुणवत्ता ही बदल सकता है। इस दौरान साध्वी साक्षी चेतनाजी, स्वामी सत्यशील जी, महामंडलेश्वर स्वामी सत्यश्रेय जी, पीडी अग्रवाल, दिग्विजयसिंह तोमर, संजय भैयाजी, विक्रम देसाई, जय ककवानी, विक्रम चोयल, पवन अग्रवाल, नरेंद्र कंधारी, आनंद कानड़कर, देवेंद्र शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे। महोत्सव के आयोजन में समाजसेवी सतीश इंगले कान्हा पुरोहित, गजेंद्र बिरला, रिंकू गुप्ता, जगदीश खाटरिया, मुकेश वर्मा, जितेन्द्र राठौर, लक्ष्मीनारायण पटेल एवं नरेंद्र यादव का सराहनीय योगदान रहा।

नई कार्यकारिणी

संस्था के सहसचिव आनंद कानड़कर ने परमशक्ति पीठ संचालन समिति की घोषणा की। समिति में मुख्य संरक्षक युगपुरुष महामंडलेश्वर अनंतश्री विभूषित पूज्य स्वामी परमानंद गिरि जी महाराज, अध्यक्ष परम पूज्य दीदी मां साध्वी ऋतंभरा जी, आश्रम संचालिका, पूज्य साध्वी साक्षी चेतना , संरक्षक निरंजन देसाई, अजय शिवानी, संरक्षक मंडल में संजय गुप्ता, अशोक सरीन, सुमन परमानंद कार्यकारी अध्यक्ष पीडी अग्रवाल, उपाध्यक्ष नरेन्द्र कंधारी, पवन अग्रवाल, रवि भाटिया, राकेश बंसल,विक्रम चोयल, सचिव विक्रम देसाई सहसचिव आनंद कानड़कर सलाहकार रोहित बिसेन मनोनीत किए गए।

मेजर अनुराधा स्मृति छात्रावास के बच्चों ने निकाली कावड़ यात्रा

खरगोन। मेजर अनुराधा स्मृति छात्रावास, सेवा भारती द्वारा श्रावण मास के अवसर पर छात्रावास से आनंद धाम वृद्धजन सेवा केंद्र बरुड़ फाटा तक भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई। कावड़ यात्रा में छात्रावास के बच्चों ने पूरे उत्साह, अनुशासन एवं भक्ति भाव के साथ सहभागिता की।

आनंद धाम पहुंचने पर बच्चों ने भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चन कर प्रदेश एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर राजेश केरावत ने अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य में बच्चों एवं आनंद धाम में निवासरत वरिष्ठजनों को स्नेहभोज कराया। कार्यक्रम में सेवा भारती की प्रीति जैन, सीमा जोशी, सुनीता केरावत, वर्षा परसाई, स्वाति, दीपा सहित छात्रावास की सभी दीदियों ने सक्रि सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति, सेवा, श्रद्धा एवं सामाजिक संवेदनाओं का विकास करना था।

एक नजर में

सावन में श्रद्धालुओं के आने से सजे शिवालय...

महेश्वर। सावन माह के प्रथम सोमवार को नगर के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही महेश्वर के साथी आसपास के हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने नगर के श्रीवृद्धकालेश्वर, श्री जलेश्वर, श्री काशी विश्वनाथ, श्री राजराजेश्वर मंदिर में महादेव के दर्शन करते हुए पुण्य लाभ लिया। प्राचीन स्वयंभू श्री कालेश्वर महादेव मंदिर में पवित्र श्रावण माह के सोमवार को संगीतमय महाआरती, भजन संध्या, विशेष श्रृंगार व छप्पन भोग का आयोजन किया गया था। वही श्री कालेश्वर महादेव मंदिर समिति ने कावड़ यात्रा में आये श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा करते सत्कार किया। श्री सांवरिया धाम बेड़ियां से सैकड़ों की संख्या में भक्त झांकियां, डोल नगाड़े के साथ श्री कालेश्वर धाम कावड़ पहुंचे थे, जिनका मंदिर सेवा समिति एवं भक्तजन कार्यकताओं ने फलाहारी व चाय से की भेंट करते हुए पूर्ण लाभ लिया ।इस अवसर पर श्री कालेश्वर मंदिर सेवा समिति के के सदस्यों ने अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान किया। नगर के प्राचीन मंदिर श्री काशी विश्वनाथ महादेव का भी आकर्षक श्रंगार किया गया था शाम को 7 बजे भगवान के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से काशी विश्वनाथ मंदिर में भी देखी गई इस अवसर पर श्री राज राजेश्वरी मंदिर में भी भगवान का श्रृंगार किया गया।

महिला मंडल ने मनाया हरियाली उत्सव

खरगोन। श्रावण मास की हरियाली को समर्पित करते हुए जिला दशोरा समाज महिला मंडल ने हरियाली महोत्सव का आयोजन किया। धरती को हरा-भरा बनाएं, जीवन को खुशहाल सजाएं के ध्येय वाक्य के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मेहरजा स्थित गायत्री वृक्ष तीर्थ, हाटकेश्वर महादेव मंदिर में भगवान हाटकेश्वर के दर्शन एवं पूजन के साथ हुई। पूजा के पश्चात मंदिर परिसर में कदम, बिल्वपत्र और शमी के पौधे लगाए गए। महिलाओं ने पूरे उत्साह और हर्षोल्लास के साथ लोकगीत गाते हुए हरियाली महोत्सव मनाया। श्रावण में प्रकृति की शोभा को बढ़ाने के उद्देश्य से किए गए इस पौधारोपण को सभी ने सामूहिक प्रयास बताया। पौधारोपण के बाद महिलाओं ने पारंपरिक बाग-रोटी का आनंद लिया। हरे परिधानों में सजी महिलाओं की टोली ने इस अवसर को यादगार बना दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुषमा गुप्ता, जिला सचिव अभिलाषा गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष संगीता गुप्ता सहित समस्त जिला पदाधिकारी एवं समाज की बड़ी संख्या में बहनें उपस्थित रहीं। महिला मंडल ने कहा कि हरियाली को बचाना और बढ़ाना ही सच्ची पूजा है। भविष्य में भी ऐसे पर्यावरणीय कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे।

बसपा की जिला स्तरीय बैठक

खरगोन। एनवीडीए रेस्ट हाउस, खरगोन जिला मुख्यालय पर मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी के नेतृत्व में बैठक आयोजित कि गई जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय रमेश अंजना जी जिला अध्यक्ष, खरगोन बसपा थें। वहीं कार्यक्रम के दौरान सभी पदाधिकारियों की सहमति से माननीय नरेन्द्र कंचोले जी को बहुजन समाज पार्टी का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नरेन्द्र कंचोले के जिला उपाध्यक्ष बनने पर जिला कमेटी, विधानसभा कमेटी और सभी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है।

जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी लोगों की समस्याएं

खरगोन । प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 04 अगस्त को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

इसमें अपर कलेक्टर रेखा राठौर, जिला पंचायत सीईओ मिलिंद कुमार नागदेवे, संयुक्त कलेक्टर आकांक्षा अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर वीरेंद्र कुमार कटारे ने अन्य अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के

निर्देश दिए। जनसुनवाई में 84 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर आए थे।

इस दौरान अधिकारियों ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

ब्राउन शुगर तस्कर गिरफ्तार, 95 हजार की ड्रग्स जब्त

खरगोन। पुलिस नशे के कारोबार पर नकेल कसने के लिए कड़ी निगरानी रख रही है। बड़वाह थाना क्षेत्र में एक युवक को अवैध ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। जंगल के रास्ते ब्राउन शुगर की तस्करी करने निकले आरोपी के कब्जे से 95 हजार रुपये मूल्य की 9.71 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की है।

पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 3 अगस्त की शाम मुखबिर से सूचना पर जयंती माता रोड़ स्थित जंगल के रास्ते पर

घेराबंदी की थी। यहां जंगल के रास्ते गुजर रहे संदिग्ध युवक को रोका।

पूछताछ में युवक ने अपना नाम रवि यादव पिता राजेश निवासी जाट मोहल्ला बड़वाह बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 9.71 ग्राम ब्राउन शुगर मिली, जिसे जब्त कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के तहत वयस्कों को भी मिलेगी शिक्षा

मंडलेश्वर। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत साक्षरता दर बढ़ाने के उद्देश्य से अब ऐसे वयस्कों को भी शिक्षा दी जाएगी जो पढ़ना-लिखना जानते हैं, लेकिन उनके पास कोई औपचारिक प्रमाणपत्र या अंकसूची नहीं है। इस संबंध में शासकीय महात्मा

गांधी स्कूल संकुल केंद्र पर बैठक आयोजित की गई, जिसमें शासकीय एवं निजी विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 वर्ष से अधिक आयु के स्कूल छोड़ चुके बच्चों तथा 60, 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के इच्छुक लोगों के लिए भी विशेष शिक्षा व्यवस्था की जाएगी। उल्लास नवभारत सामाजिक चेतना केंद्रों के माध्यम से प्रत्येक गांव में केंद्र एवं उपकेंद्र स्थापित किए जाएंगे, जहां प्रतिदिन 2 से 4 घंटे तक सुविधानुसार अध्ययन कराया जाएगा। प्रत्येक केंद्र पर हाईस्कूल उत्तीर्ण व्यक्ति को साक्षर साथी के रूप में नियुक्त किया जाएगा। मंडलेश्वर नगर में 15 केंद्र स्थापित किए गए हैं तथा प्रत्येक 10 निरक्षरों पर एक साक्षर साथी रहेगा। बैठक में अपर आईडी बनाने, आधार कार्ड की त्रुटि सुधार, यू-डाइस पोर्टल पर विद्यार्थियों की मैपिंग, नर्सरी से 12वीं तक शत-प्रतिशत नामांकन, छात्रवृत्ति प्रोफाइल अपडेट तथा निशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं साइकिल वितरण संबंधी आवश्यक निर्देश भी दिए गए।

पंचायत भवन के सामने शव दाह की तैयारी से हरकत में आया प्रशासन

भीकनगांव। ग्राम पिपराड़ में श्मशान घाट तक पहुंचने के रास्ते को लेकर विवाद का मामला उस समय गंभीर हो गया, जब एक ग्रामीण की मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव ले जाने में रास्ते पर कथित कब्जे के कारण परेशानी सामने आई। नाराज ग्रामीणों ने पंचायत भवन के सामने ही लकड़ी, कंडे और काठी रखकर शव दाह करने की बात कही। इसकी सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

जानकारी के अनुसार पिपराड़ निवासी बाबूलाल गुर्जर 70 वर्ष पिता भाईराम का निधन हो गया था। अंतिम संस्कार के लिए शव को श्मशान घाट ले जाने के दौरान रास्ते में कथित अतिक्रमण के कारण ग्रामीणों को परेशानी का

सामना करना पड़ा। इसके बाद ग्रामीण पंचायत भवन के सामने अंतिम संस्कार करने की तैयारी करने लगे। मामले की जानकारी मिलने पर तहसीलदार मनोज चौहान, जनपद सीईओ, थाना प्रभारी, पटवारी सहित प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने श्मशान घाट तक जाने वाले रास्ते का निरीक्षण किया और जिस स्थान पर कब्जे की शिकायत बताई गई, उसका भी मौके पर मुआयना किया।

प्रशासनिक अधिकारियों के पहुंचने के बाद ग्रामीणों को समझाइश दी गई, जिसके बाद शव को श्मशान घाट ले जाकर अंतिम संस्कार कराया गया। ग्रामीणों ने श्मशान घाट के रास्ते की समस्या का स्थायी निराकरण कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात अधिक होने से नाले से गुजर कर जाना पड़ता है पानी अधिक होने से शव दूसरे गांव ले जार दाह संस्कार करना पड़ता है।

नाले वाले रास्ते में दिक्कतें

पिपराड़ सरपंच रामेश्वर ने बताया कि नाले वाले रास्ते में दिक्कत के कारण अंतिम संस्कार के लिए शव को श्मशान घाट तक ले जाने में परेशानी आई। उन्होंने कहा कि श्मशान घाट के रास्ते की समस्या का जल्द निराकरण किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति निर्मित न हो।

जांच के बाद होगी कार्रवाई

तहसीलदार मनोज चौहान ने बताया कि ग्रामीणों ने जानकारी दी है कि इससे पहले भी एक बार इसी प्रकार की परेशानी सामने आ चुकी है। मामले की जांच कराई जाएगी और यदि रास्ते पर अतिक्रमण या कब्जे की पुष्टि होती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सावन में 51 हजार पार्थिव शिवलिंग निर्माण का महायज्ञ शुरू

भीकनगांव। श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर नगर के श्री खेड़ापति हनुमान पशुपतिनाथ धाम में भगवान भोलेनाथ की विशेष आराधना के साथ 51 हजार पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने पूरे श्रावण मास में सामूहिक रूप से 51 हजार पार्थिव शिवलिंग बनाने का संकल्प लिया। भक्तों ने करीब 11000 पार्थिव शिवलिंग बनाकर भगवान शिव का अभिषेक एवं पूजन किया।

मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पंचगव्य, तीर्थ की पवित्र मिट्टी एवं

नर्मदा जल से पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की गई। विद्वान पंडितों द्वारा रुद्राभिषेक, लघुरुद्र पाठ और पंचामृत अभिषेक संपन्न कराया गया। आयोजन के दौरान भगवान शिव से नगर, प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि तथा सभी दुखिया रहें न कोई की मंगलकामना की गई। आयोजन समिति ने बताया कि यह धार्मिक अनुष्ठान पूरे श्रावण मास तक प्रतिदिन चलेगा। श्रद्धालु अपने हाथों से पार्थिव शिवलिंग बनाकर भगवान भोलेनाथ का पूजन करेंगे। धार्मिक मान्यता है कि श्रावण मास में मिट्टी के पार्थिव शिवलिंग का निर्माण और विधि-विधान से पूजा करने से भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होकर भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं तथा जीवन के कष्टों का निवारण होता है। श्रावण मास के अवसर पर श्री खेड़ापति धाम में 11 हजार हनुमान चालीसा पाठ का भी संकल्प लिया गया है। प्रतिदिन सुबह और शाम सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा है, जिसमें बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। यह आयोजन पूरे श्रावण मास तक निरंतर जारी रहेगा।

गीतों से दी किशोर कुमार को आदरांजलि

खरगोन/बड़वाह। अमर लाडले पार्श्व सुप्रसिद्ध गायक कार किशोर दा को जन्मदिन और मो.रफी साहब की पूण्यतिथि के महान अवसर पर मधुरम संगीत ग्रुप ने सदाबहार लोकप्रिय हर दिल अजीज अमर किशोर दा को उनके गाये नगमो से श्रद्धानवत किया।

समारोह स्थल भारूड़ धर्मशाला मे सर्वप्रथम श्री गणेशजी की वंदना व शिवजी को भोले ओ भोले से नमन किया। नमन पश्चात सूरम्य नगमा कराओके सुपर सिंगर आयोजकगण प्रमुख कराओके सिंगर महेश पटेल ने आजकल तेरे मेरे प्यार.. संटी शर्मा ने हमे तुमसे प्यार कितना...व भानुप्रताप दसौंधी ने मै कही कवि न... डा.अरुण चिंचे ने मंजीले अपनी जगह रास्ते..जेपी श्रीवास्तव ने ऐसे ना मुझे देखो तुम...से.नि.शिक्षक-पुष्पेन्द्र रावल,, ने पल पल दिल..रेखा ओसवाल ने ओ साथी रे..गुलजार लाला ने आसमान से आया फरिश्ता...राम पटेल ने भोले ओ भोले...चंदन वाशिंदे ने स्वयं की दो गायक व गायिका की आवाज मे कोरा कागज था ये मन...गाकर किशोर कुमार को अनेको गायकों ने हार्दिक आदरांजलि दी। बड़वाह सनावद क्षेत्र मे संगीतमय व धार्मिक भक्ति भावों से सरोबार है।

साध्वी ऋतुंभरा दीदी ने एक दिवसीय प्रवास के दौरान दिया प्रवचन

महेश्वर। सावन माह के प्रथम सोमवार को नगर की यमुना कुंज धर्मशाला में साध्वी ऋतंभरा दीदी ने प्रवचन देते हुए कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में अपने कर्मों की समीक्षा करना चाहिए। कर्मों की समीक्षा करने के साथ या अगर हमें लगे कि हम दिशा भूल कर रहे हैं तो हमें सद्गुरु के चरणों में जाना चाहिए क्योंकि सद्गुरु हमें सद्गति प्रदान करते हैं। सद्गुरु की दृष्टि अगर हम पर हो जाए तो हमारे कई जन्म सुधार और सांवर जाते हैं।

साध्वी दीदी ने कहा कि आज भगवान राम की कृपा है अयोध्या में राम मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा फहरा रही है जो भारत के गौरव का गुणगान कर रही है लेकिन एक दौर था जब राम मंदिर स्थापना के लिए हम आंदोलन कर रहे थे उसे समय देश के कई राम भक्त उस आंदोलन में शामिल थे लेकिन इंदौर के निवासी और वर्तमान के विधायक राजकुमार मेव भी हमारे आंदोलन में साथी थे आज भी वो सनातन धर्म के साथ है और सनातन धर्म बड़े हम सभी सनातनी एक साथ रहे इसके लिए लगातार कार्य कर रहे हैं । साध्वी दीदी मां ने संबोधित करते हुए कहा कि देश की बहनों को अपनी बेटियों को और बेटों को संस्कार की शिक्षा देने का कार्य प्रारंभ करना चाहिए।

बच्चों को संस्कार देना सभी की जिम्मेदारी...

दीदी ने संबोधित करते हुए कहा कि हम बहनों को आगे आना चाहिए, क्योंकि जिस जमीन पर बीज बोया नहीं जाता है वहां खरपतवार उगती है। भारत की बेटियां तुलसी का पौधा है उन्हें गंगाजल से सीखना चाहिए न कि गंदे पानी से। अब हम सबको आगे आकर बच्चों को संस्कारित करने की जिम्मेदारी लेना चाहिए। इस अवसर पर विधायक राजकुमार मेव ,भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल ,माहिष्मती कावड़ यात्रा के संयोजक हरि प्रसाद अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता शम्मी आमगा, डॉ. हेमंत सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेंद्र जैन, राजेंद्र सराफ, जगमोहन सराफ, सिंधु जोशी आदि उपस्थित थे।

एक नजर में — भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी

एनएच-347बी फोरलेन परियोजना में किसानों को चार गुना मुआवजा देने की मांग

भीकनगांव। राष्ट्रीय राजमार्ग - 347बी देशगांव जुलवानिया फोरलेन परियोजना के लिए अधिग्रहित की जा रही कृषि भूमि, मकानों एवं स्वामित्व वाली संपत्तियों का पुनर्मूल्यांकन कर शासन की नीति के अनुसार चार गुना मुआवजा देने की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत, तहसील भीकनगांव ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में किसान संघ ने आरोप लगाया कि फोरलेन परियोजना के लिए किसानों की भूमि, मकानों एवं अन्य संपत्तियों

का सर्वे और मूल्यांकन विभाग द्वारा किया गया है, लेकिन निर्धारित मुआवजा उचित नहीं है। किसानों को दिए गए मुआवजे में पारदर्शिता और न्यायसंगत मूल्यांकन का अभाव बताया गया है। संघ का कहना है कि राजस्व विभाग द्वारा प्रभावित किसानों को 60 दिनों के भीतर कब्जा खाली करने के नोटिस दिए जा रहे हैं तथा कार्रवाई की चेतावनी भी दी जा रही है, जबकि अभी तक किसानों को उनकी संपत्ति का उचित प्रतिफल नहीं मिला है।

भारतीय किसान संघ ने मांग की है कि राजमार्ग से प्रभावित किसानों की भूमि एवं संपत्तियों का पुनर्मूल्यांकन कराया जाए तथा शासन की मंशा के अनुरूप बाजार मूल्य के आधार पर चार गुना मुआवजा प्रदान किया जाए। संघ ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन के नेतृत्व में आंदोलन और प्रदर्शन किया जाएगा। भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री धर्मेंद्र चौधरी, नगर अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौधरी तथा तहसील अध्यक्ष महेश पटेल सहित पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं।